# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का मासिक ई - न्यूज़लेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- जनवरी 2025 अंक - 19 वां


**सुविचार**

एक हजार मील सफलता की यात्रा की शुरुआत भी एक कदम से ही होती है।



नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ ।

## महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

### महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा मनाया गया एड्स सप्ताह










एड्स सप्ताह के अंतर्गत बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में रेड रिबन क्लब के द्वारा कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ दिनांक-02/12/2024 को किया गया। एड्स जागरूकता दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में प्रभारी प्राचार्य डॉ. चारूलता राठौर के मार्गदर्शन और रेड रिबन क्लब प्रभारी एवं एन.एस.एस प्रभारी प्रो. डॉ. समता जैन (बालक इकाई), एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. गीता चौहान (बालिका इकाई), डॉ. अविनाश मिश्रा, श्री सौरभ सिंह ने कार्यक्रम को आयोजित और नियोजित किया। एड्स और HIV के विरूद्ध अभियान कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीन स्तर पर आयोजित किया, जिसमें प्रथम चरण में महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर विश्व एड्स दिवस पर एड्स दिवस की थीम- **"Take The Right Path- My Health My Right"** (**"अधिकारों की राह अपनाये - मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार"**) पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया और नारे भी लगाए । इस संबंध में सभी को जागरूक किया और जागरूकता की शपथ दिलाई। इसके बाद द्वितीय चरण में एड्स जागरूकता के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । छात्रों को एड्स एवं एच.आई.वी. से संबंधित जानकारी दी और बताया कि बचाव ही एकमात्र उपाय है। **डरना नहीं समझना होगा, तभी एड्स से बचना होगा।** रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. समता जैन ने बताया कि किस प्रकार से एचआईवी से बचने के लिए हमें जागरूक रहने की जरूरत है, आज हम सब ऑनलाइन मीडिया का उपयोग करते हैं और अपनी इस जागरूकता को अपने से संबंधित व्यक्तियों को भी अपने ज्ञान से जागरूक किया जा सकता है, जानकारी साझा की जा सकती हैं । इसी क्रम में विद्यार्थियों में नैना मालवीय, प्रथम वर्ष की छात्रा ने अपने विचार रखे और उन्होंने बताया कि हमें एचआईवी और एड्स के बारे में जो जानकारियाँ नहीं प्राप्त है उन्हें भी जानना जरूरी है । साधना पटैल और साक्षी सिंह बीए द्वितीय वर्ष की दोनों छात्राओं का यह विचार रहा कि एचआईवी और एड्स का क्या साइंटिफिक नेम है और यह कैसे किसी के शरीर में प्रवेश करती है। इसी क्रम में रिमझिम अहिरवार, आशीष परते, रविकांत अहिरवार और सचिन लोधी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के तीसरे चरण में- जागरूकता के लिए टीवी स्क्रीन पर एड्स जागरूकता संबंधित वीडियो फिल्म को दिखाया गया जिसमें एड्स संक्रमण के कारण, निवारण और लक्षण के बारे में बताया गया। वीडियो में कई तरह की प्रश्नोत्तरी एवं पहेली भी शामिल थी, जिसका विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ जवाब दिया ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एवं डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव और अन्य प्राध्यापकों ने भी इस कार्यक्रम में सहभागिता की ।

# तरंग

**बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर**

tarangnews2024@gmail.com | माह- जनवरी 2025 | अंक - 19 वां


## महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा महात्मा गाँधी चौराहा पर निकाली एड्स जागरूकता रैली









04/12/2024 को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा महात्मा गाँधी चौराहा पर रैली निकाली गई और महात्मा गाँधी चौराहा बस स्टॉप पर एचआईवी एड्स के नारे लगाए गए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन एवं डॉ. गीता चौहान एवं स्टेट कैंपर सोहित मीना, स्टेट कैंपर श्रेया दास, स्वयंसेवक अमन सेन, हर्षित उमरे, कुबेर सिंह राजपूत, पहल मिश्रा, दीपा उपाध्याय, रूपेश अहिरवार, जतिन, हर्षित चौरसिया सहित अन्य स्वयंसेवकों के साथ संपन्न की गई।

## उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद द्वारा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण




05/12/2024 उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद ने आज महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर वाणिज्य, गणित और समाजशास्त्र विषय की कक्षाओं में विद्यार्थियों से इंटरेक्शन किया। कुछ कक्षों में अपने निर्धारित समय से पूर्व आने वाले छात्र-छात्राएँ सीसीई की तैयारी करते हुए मिले। कुछ विद्यार्थियों से उनके शिक्षकों और विषय का नाम पूछा जिनका विद्यार्थियों द्वारा सही जबाव देने पर एवं सहशिक्षा वाले महाविद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को ड्रेस मे देख कर अतिरिक्त संचालक महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का भी भ्रमण किया । शुद्ध पेयजल एवं साफ सफाई सम्बंधी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन से प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्राध्यापको के अर्जित अवकाश स्वीकृति-विलम्ब, दैनिक वेतनभोगियों के स्थायीकरण की स्थिति, वाणिज्य संकाय में अध्यापन व्यवस्था, महाविद्यालय भवन के मासिक लायसेंस शुल्क भुगतान में शासकीय प्रक्रिया विलम्ब होने पर भेल प्रशासन द्वारा वसूली जाने वाली ब्याज / पेनाल्टी राशि का संज्ञान लिया। महाविद्यालय परिसर में विकसित किए जा रहे एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. स्थल का जायजा लिया। अतिरिक्त संचालक महोदय ने औचक निरीक्षण करने पर भी कॉलेज का सुचारू संचालन पाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूज़लेटर

tarangnews2024@gmail.com | माह- जनवरी 2025 | अंक - 19 वां


## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव समारोह का आयोजन









11/12/2024 अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव समारोह पर गीता पर आधारित फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई गई एवं प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को गीता के ज्ञान की महत्ता से अवगत कराया ।

## महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के स्वरोजगार कार्यक्रम में हुए सम्मिलित










16/12/2024 को माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आयोजित जनकल्याण योजना के अंतर्गत वृहद युवा संवाद तथा स्वरोजगार रोजगार केन्द्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । जिसके अंतर्गत महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। नोडल अधिकारी डॉ. समता जैन द्वारा बताया गया कि बस प्रभारी डॉ. निर्मला शुक्ला और श्री सौरव सिंह के साथ विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

महाविद्यालय से बस को रवाना करते समय नोडल अधिकारी डॉ. समता जैन, डॉ. आर.के. खजवानियाँ, डॉ. गरिमा जाउलकर, मुख्य लिपिक श्री राजाराम महावर, बस प्रभारी डॉ. निर्मला शुक्ला और श्री सौरव सिंह सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com    माह- जनवरी 2025    अंक - 19 वां

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में चार दिवसीय कार्यक्रम 'अनंत' का आयोजन











17/12/2024 महाविद्यालय में गणित विभाग के द्वारा '**गणित दिवस**' पर '**अनंत**' विषय पर चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वर्षा चौहान ने बताया कि '**अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस**' पर '**अनंत**' विषय पर चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। '**अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस**' पर विशेष व्याख्यान, ऑनलाइन गणित क्विज, चलचित्र प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, डूडलिंग आर्ट प्रतियोगिता, फैंस पेंटिंग, रील शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के गणित विभाग के द्वारा प्रायोजित **मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद** द्वारा आयोजन किया गया। जो कि 17 दिसंबर '**अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस**' पर **श्रीनिवास रामानुजन** के जन्मदिन पर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय जैन, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना जैन, डॉ. आर. के. खजवानियाँ, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल, डॉ. समता जैन, डॉ. शीला कुमार, सुश्री आरती पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन








18/ 12 /2024 राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक, राष्ट्रीय सेवा योजना बेज लगाकर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्यक्तित्व विकास, विभिन्न संस्कृतियों से जुड़कर कार्य करना, समूह में रहना, मिलकर कार्य करना एवं महाविद्यालय स्तर पर बी और सी प्रमाण पत्र प्राप्त होते हैं, इसके महत्व को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर विपरीत परिस्थितियों में किस प्रकार से सामना करना चाहिए यह हमें सीखने को मिलता है। राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. आयशा खान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सेम कन्या महाविद्यालय भोपाल ने स्वयंसेवकों के समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन जीने की एक शैली है तथा सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में बताया एवं राजपथ पर स्वयंसेवकों को 26 जनवरी में परेड करने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन ने स्वयं सेवकों को मिलकर कार्य करने एवं महाविद्यालय में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सात दिवसीय विशेष शिविर के अनुभव विद्यार्थियों के समक्ष साझा किए एवं सर्वसम्मति से नव दलनायक सोहित मीना की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पहल मिश्रा एवं पूजा ने किया। अंत में आभार डॉ. गीता चौहान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई ने किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की एवं कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com     माह- जनवरी 2025     अंक - 19 वां


## महाविद्यालय में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस










21/12/2024 विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हार्टफुलनेस के प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल,एवं स्टाफ उपस्थित रहे। क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी ने हार्ट फुलनेस संस्थान के सदस्यों का परिचय दिया ध्यान के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन ने बताया कि ध्यान हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए, इससे हम कई अज्ञात परेशानियों से निजात पा सकते हैं। ध्यान हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है , श्री राम कृष्ण मिशन हार्ट फुलनेस संस्थान के श्री तोषपाल कोसे, प्रशिक्षक, श्रीमती कीर्ति बांके, प्रशिक्षक, श्रीमती नीता शर्मा स्वयं सेवक, श्रीमती अर्चना सिंह स्वयं सेवक उपस्थित रहे। श्री तोष पालजी ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी ध्यान के बारे में श्रीमती कीर्ति बांके जी ने ध्यान का अभ्यास कराया एवं विद्यार्थियों से पूछा भी कि उन्हें इस अभ्यास से कैसा महसूस हुआ, विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त हुई हल्का-फुल्का महसूस हो रहा था, तनाव दूर हो रहा था। अन्त में डॉ. निर्मला शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।

## राष्ट्रीय सेमीनार

### महाविद्यालय में ' सशक्त कौशल: भारत के सतत विकास का आधार ' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन





23/12/2024 महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में " **सशक्त कौशल: भारत के सतत विकास का आधार** " विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अशोक कड़ेल, संचालक म.प्र. हिन्दी अकादमी, विशेष अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. सुरेश कुमार जैन, उच्च शिक्षा भोपाल नर्मदापुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पौधे से स्वागत किया । इस अवसर पर संबोधित करते हुए म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल ने कहा कि भारत का कौशल सदैव सशक्त रहा है। हमारी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और परंपराएँ सदैव ज्ञान का आधार रही है, जो नित्य नूतन और चिर पुरातन जैसी सनातनी चिंतन पर आधारित है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. सुरेश कुमार जैन ने कहा कि जितना कौशल भारत में है, उतना कौशल विश्व के किसी देश में नहीं। आवश्यकता हमें इसे पहचानने का अवसर देने की है, जो हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का आधार है ।

उच्च शिक्षा विभाग भोपाल नर्मदापुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद ने कहा कि भारत में कौशल की कमी नहीं है। आज का युवा विविध क्षेत्रों में कौशल प्रदर्शित करने में सक्षम है ।

अन्य अतिथियों ने भी अपना वक्तव्य दिया एवं संचालन राष्ट्रीय सेमीनार की संयोजक प्रो. (डॉ.) समता जैन ने किया । राष्ट्रीय सेमीनार के तीन सत्रों में प्रतिभागियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये । सेमीनार में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये, तदोपरांत राष्ट्रगान के साथ सेमीनार का समापन किया गया। महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही ।

# तरंग

**बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का मासिक ई-न्यूजलेटर**

tarangnews2024@gmail.com | माह- जनवरी 2025 | अंक - 19 वां


## मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के अंतर्गत दिवा शिविर







24/12/2024 महाविद्यालय के गोद ग्राम छावनी पठार में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन के मार्ग निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तीन श्रृंखला में किया गया। सर्वप्रथम गाँव के निवासियों से ग्रामीण विकास से संबंधित कुछ योजनाओं मुख्यतः वृद्धावस्था पेंशन योजना में प्रतिमाह ₹600 प्राप्त होती है उसकी जानकारी दी तथा ग्रामवासियों ने कूड़ा करकट और नालियों से संबंधित समस्या पर अपनी बात रखी। द्वितीय चरण में ग्रामीणों ने गंदगी न फैलाने एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रैली निकाली गई। ग्रामीणो को AIDS और एचआईवी से संबंधित बचाव के बारे में बताया। जैसे कि एचआईवी दोस्तों के साथ खाना खाने, हाथ मिलाने से नहीं फैलता। तृतीय चरण का आयोजन छावनी पठार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के मैदान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें प्राचार्य श्रीमती सुषमा मिश्रा, श्री भागचंद कुशवाह व अन्य शिक्षक गण की उपस्थिति रही। इन सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई की डॉ. गीता चौहान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक प्रो. सौरभ सिह , दल नायक सोहित मीना, रुपेश, संजय, कुबेर , कनक, प्राची, हर्षित चौरसिया, नैना मालवीय, मेघा अहिरवार इत्यादि स्वयंसेवकों एवं अन्य स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन










28/12/2024 को विज्ञान क्लब की ओर से '**Scouting and Documentation of Grassroots Innovation**' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में किया गया। इस व्याख्यान में एन.आई.एफ भुवनेश्वर के साइंटिस्ट डॉ. विवेक कुमार द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों की चर्चा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को भी नई सोच के लिये प्रोत्साहित किया । व्याख्यान अत्यंत प्रभावी रहा। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान क्लब प्रभारी डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने किया ।

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूज़लेटर


tarangnews2024@gmail.com | माह- जनवरी 2025 | अंक - 19 वां

## कार्यक्रम विवरणिका





















# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- जनवरी 2025 अंक - 19 वां


## स्टूडेंट कॉर्नर

### जिंदगी जीना सिखा दिया

टूटा हुआ फूल खुशबू दे जाता है
बीता हुआ पल गहरी याद दे जाता है
हर व्यक्ति का अपना अंदाज होता है
कोई जीना तो कोई जीने की कला दे जाता है।

अजीब जुल्म करती है यह जिंदगी
सोचूँ तो बिखर जाऊं
ना सोचो तो कहा जाऊं


वक्त बदलता है जिंदगी के साथ
जिंदगी बदलती है वक्त के साथ
वक्त नहीं बदलता अपनों के साथ
पर अपने बदल जाते हैं वक्त के साथ

समय को समझना समझदारी होती है
समय पर समझ जाना ही जिंदगी की जिम्मेदारी
होती है

जिंदगी में ऐसी नौबत भी आई
था आगे कुआं तो पीछे खाई
फिर मैंने कुएँ से अपनी प्यास बुझाई
फिर हजारों मुश्किलों से मैं जीना सीख आई।

नामः नैना मालवीय
कक्षाः बीए प्रथम वर्ष

## तरंग स्टार







हिन्दी विभाग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों ने भित्ति पत्रिका (Wall Magazine) **प्रवाहिनी** का सृजन, संपादन और प्रस्तुतीकरण किया।

ये सभी विद्यार्थी इस माह के तरंग स्टार हैः-

**श्रीया विश्वकर्मा, मनन दीक्षित, स्वीटी अहिरवार, नैना मालवीय, वंदना लोधी, स्नेहा, खुशी द्विवेदी, रोशनी शर्मा, अभिषेक।**

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई-न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- जनवरी 2025 अंक - 19 वां

## आगामी कार्यक्रम

- 10 जनवरी 2025 को महाविद्यालय के आईक्यूएसी सभागार में विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भोपाल के प्रसिद्ध कवियो का सुमधुर काव्य-पाठ होगा।इस अवसर पर 'हिंदी का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर डॉ. विनोद कुमार जैन, सेवानिवृत्त अपर प्रबंधक बी.एच.ई.एल. भोपाल का व्याख्यान भी होगा। आप सभी आमंत्रित है ।
- 10 जनवरी 2025 से 08 फरवरी 2025 तक महिलाओं के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा ।
- गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025

## संपादक की पाती

### आप सभी को नववर्ष की मंगलकामनाएँ ।

जनवरी 2025 का ' तरंग ' अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बतायें । आपकी टिप्पणी / सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी, रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते है ।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समिति:- डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
श्री संजय साहू (कम्प्यूटर वर्क)